NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No :12 /NCRES/76/21 Date : 5.1.2022

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर ACM(LDCE 30% कोटा) में चयन हेतु रिक्तियों के आकलन की विसंगति के सम्बन्ध में।

संदर्भः— मुख्यालय का पत्र संख्या 797-E/Gaz/Gr. B Sel/Comml/2021-2023 Dt. 23.9.2021

महोदय,

NCRES को अवगत कराया गया है कि प्रधान कार्यालय ने सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर (30% LDCE कोटा) के चयन के लिये दिनांक 23.9.2021 को नोटिस जारी किया है जिसमें मात्र 1 रिक्त दर्शाया गया है जिसे SC के लिये आरक्षित कर लिखित परीक्षा की तिथि 28 जनवरी 2021 निर्धारित की गई है।

यह भी अवगत कराना है कि पूर्व में ACM के पद हेतु LDCE 30% कोटा की परीक्षा कराई गई थी जिसका आधार वर्ष 2013—15 था व अन्तिम चयन परिणाम पत्र संख्या 797-E/Gaz/Selection 30%/ACM/2013-15 दिनांक 30.7.2018 द्वारा घोषित किया गया था जिसमें श्री पंकज कुमार त्रिपाठी (UR) व श्री वीरेन्द्र सिंह (SC) सफल घोषित किये गये थे व इसके पश्चात आधार वर्ष 2015—19 के चयन हेतु नोटिस दिनांक 5.3.2020 को निर्गत किया गया था।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 23.9.2021 के नोटिफिकेशन में वर्णित पदों में एक अनारक्षित व एक आरक्षित घोषित किया गया है जिसका आधार वर्ष 2021—23 माना गया है व आधार वर्ष 2019—21 की गणना ही नही की गई है, ऐसी परिस्थिति में LDCE 30% कोटि की रिक्तियों का सही आकलन न करने से पात्र कर्मचारियों को परीक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि रिक्तियों के आकलन की विसंगति के सम्बन्ध में श्री विजय शर्मा ने पूर्व में कई प्रत्यावेदन दिया लेकिन उनके प्रत्यावेदन का निस्तारण नही हुआ।

अतः NCRES का अनुरोध है कि ACM के पद पर LDCE कोटे के तहत चयन के लिये वर्ष 2019—21 व वर्ष 2021—23 की रिक्तियों की सही गणना की जाय और आरक्षित एवं अनारक्षित पदो पर चयन हेतु नये सिरे से नोटिस जारी कर परीक्षा कराई जाय जिससे सभी पात्र कर्मचारियों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिल सके व उनके साथ न्याय हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री